**D**

**CCE PR**
**UN-REVISED**

ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್, 2018

**S. S. L. C. EXAMINATION, JUNE, 2018**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2018 ] ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

Date : 28. 06. 2018 ] **Code No. : 61-H**

## ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

## Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** | |
| | **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** | |
| I. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : | |
| 1. | ई-गवर्नेंस से क्या लाभ है ? | |
| | **उत्तर :** प्रशासन पारदर्शी बनता है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | साहनी जी का बचपन किससे वंचित था ? | |
| | **उत्तर :** खेलकूद से । | 1 |
| 3. | तिम्मक्का के पति चिक्कय्या क्या काम करते थे ? | |
| | **उत्तर :** महनत-मजदूरी करते थे / खेतों में काम करते थे । | 1 |
| 4. | आज की दुनिया कैसी है ? | |
| | **उत्तर :** विचित्र और नवीन है । | 1 |
| 5. | भारत-भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ है ? | |
| | **उत्तर :** खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है । | 1 |
| 6. | चंद्रशेखर कंबार को ज्ञानपीठ पुरस्कार क्यों मिला ? | |
| | **उत्तर :** 'समग्र साहित्य' सेवा के लिए । | 1 |
| 7. | 'सिलिकॉन सिटी' किसे कहते हैं ? | |
| | **उत्तर :** बेंगलूरू को । | 1 |
| 8. | तुलसीदास के अनुसार मानव की आंतरिक शुद्धि कैसे होती है ? | |
| | **उत्तर :** राम-नाम का जाप करने से । | 1 |
| 9. | बाल कृष्ण का रंग कैसा था ? | |
| | **उत्तर :** काला था । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. 10. | सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : | |
| | **'क'**     **'ख'** | |
| | अ) नोबेल पुरस्कार    i) आदर्श व्यक्तित्व | |
| | आ) भिखारी ने बचाया    ii) कृष्ण शिकायत करता है | |
| | इ) तिम्मक्का    iii) करोड़पति को | |
| | ई) यशोदा से    iv) गीतांजलि | |
| | उ) प्रभो कविता में    v) यामा | |
| | vi) बलराम शिकायत करता है | |
| | vii) लोक साहित्य | |
| | viii) ईश्वर के विराट स्वरूप का वणन । | |
| | **उत्तर :** | |
| | अ) iv) गीतांजलि | 1 |
| | आ) iii) करोड़पति को | 1 |
| | इ) i) आदर्श व्यक्तित्व | 1 |
| | ई) ii) कृष्ण शिकायत करता है | 1 |
| | उ) viii) ईश्वर के विराट स्वरूप का वर्णन । | 1 |
| III. | प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : | |
| 11. | गिल्लू : महादेवी वर्मा : : बसंत की सच्चाई : ..................... | |
| | **उत्तर :** विष्णु प्रभाकर । | 1 |
| 12. | मजदूरों के नेता : पंडित राजकिशोर : : सम्मेलन के मुख्य अतिथि : ..................... | |
| | **उत्तर :** हरिशंकर परसाई / लेखक । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 13. | साहित्य प्रेमी : चंद्रशेखर कंबार : : वृक्ष प्रेमी : ...................... | |
| | **उत्तर :** तिम्मक्का । | 1 |
| 14. | प्रभो : जयशंकर प्रसाद : : अभिनव मनुष्य : .................... | |
| | **उत्तर :** रामधारी सिंह दिनकर । | 1 |
| 15. | तुलसीदास : राम भक्त कवि : : सूरदास : ................... | |
| | **उत्तर :** कृष्ण भक्त कवि । | 1 |
| IV. | उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में : | |
| 16. | रवींद्रनाथ ठाकुर ने 'सर' की उपाधि क्यों त्याग दी ? | |
| | **उत्तर :** जलियाँवाला बाग के अमानुषिक हत्याकांड के बाद, दुःखी होकर 'सर' की उपाधि त्याग दी । | 2 |
| 17. | करोड़पति के होश-हवास क्यों उड़ गए ? | |
| | **उत्तर :** नौकर द्वारा बाज़ार में कीमतों के गिरने की खबर सुनकर । बहुत बड़ा घाटा होने की खबर से । | 2 |
| 18. | व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ? | |
| | **उत्तर :** घर बैठे इंटरनेट द्वारा खरीदारी कर सकते हैं, बिल भर सकते हैं । दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी रकम भेजने में इंटरनेट बैंकिंग मददगार है । | 2 |
| 19. | भीष्म साहनी बचपन में अन्य बालकों से क्यों जलते थे ? | |
| | **उत्तर :** बचपन में साहनी अक्सर बीमार रहते । इससे अन्य बालकों के साथ खेल नहीं पाते । उनके स्वस्थ, हँसमुख चेहरे देख ईर्ष्या ( जलन ) करते । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 20. | परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?<br>**उत्तर :** सम्मेलन में आकर परसाई की कई चीजें एक-एक कर चोरी चली गई थीं । वे स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहे थे । | 2 |
| 21. | राष्ट्रभाषा हिन्दी के बारे में कंबार जी के विचार क्या हैं ?<br>**उत्तर :** राष्ट्र में एकता लाने के लिए हिन्दी भाषा अत्यंत उपयोगी है । आजकल यह संपर्क भाषा के रूप में प्रचलित है । हमें आपसी व्यवहार के लिए हिन्दी सीखना जरूरी है । | 2 |
| 22. | 'दिनकर' के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?<br>**उत्तर :** बुद्धि पर चैतन्य हृदय की जीत । परस्पर (आपस में) स्नेह पूर्ण व्यवहार, भेद-भाव से परे प्रेम बढ़ाना । | 2 |
| 23. | मुखिया को मुख के समान होना चाहिए । कैसे ?<br>**उत्तर :** खाने-पीने का काम मुख अकेला ही करता है, किंतु सारे शरीर का पालन-पाषण करता है, उसी प्रकार मुखिया को बुद्धिमान होकर सारे समाज का नेतृत्व करना चाहिए । | 2 |
| 24. | कृष्ण बलराम के साथ खेलने क्यों नहीं जाना चाहता ?<br>**उत्तर :** कृष्ण को बलराम चिढ़ाता है कि वह मोल लिया गया है । उसे माता यशोदा ने जन्म नहीं दिया है । उसे सारे ग्वाल-बाल भी चिढ़ाते हैं । बलराम कहता है कि यशोदा और नंद गोरे हैं और तुम काले हो । | 2 |
| 25. | बसंत के पैर देखकर डॉक्टर ने क्या कहा ?<br>**उत्तर :** ऐसा लगता है कि पैर की हड्डी टूट गयी है । स्क्रीन करके देखना होगा । इसे अभी अस्पताल ले जाना चाहिए । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 26. | तिम्मक्का ने क्या संकल्प किया है ?<br>**उत्तर :** अपने पति की याद में हुलिकल ग्राम में गरीबों की निःशुल्क चिकित्सा के लिए एक अस्पताल के निर्माण कराने का संकल्प किया है । | 2 |
| 27. | कवि ने मातृभूमि को 'अमरों की जननी' क्यों कहा है ?<br>**उत्तर :** कवि ने देश की महान विभूतियों का स्मरण करते हुए कहा है कि यहाँ गाँधी, बुद्ध और राम जैसे कई महान लोगों ने जन्म लिया है । अतः इस भूमि ( मातृभूमि ) को सौ-सौ बार प्रणाम है । | 2 |
| 28. | शनि को ठंडा ग्रह क्यों कहते हैं ?<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह का वायुमंडल किससे बना है ?<br>**उत्तर :** शनि ग्रह, सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा 10 गुना अधिक दूर है । उस ग्रह तक इसी कारण बहुत कम सूर्य ताप पहुँचता है । शनि ग्रह का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास होता है ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** हाइड्रोजन, हीलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से बना है । | 2 |
| 29. | सत्य के बारे में गाँधीजी के विचार क्या हैं ?<br>**अथवा**<br>'समय का सदुपयोग' से क्या तात्पर्य है ?<br>**उत्तर :** ''सत्य एक विशाल वृक्ष है । उसकी जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं । उसका अंत नहीं होता ।''<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** सही समय पर सही काम करना । अपना काम उपयुक्त समय पर निपटाना । उसे व्यर्थ न गँवाना । इसे अमूल्य मानना । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| V. | उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में : | |
| 30. | गिल्लू के प्रति महादेवी जी का वात्सल्य कैसे प्रदर्शित है ? वर्णन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** लेखिका को पशु-पक्षियों से अत्यंत प्रेम था । गिल्लू की जान बचा कर उसे पाला था । उसके प्रति विशेष लगाव था । पूरे दो साल तक देखभाल की । उसे अपनी थाली के पास बिठाकर, वे एक साथ खाते । | 3 |
| 31. | बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है । कैसे ? विवरण दीजिए । | |
| | **उत्तर :** बसंत मेहनत कर सामान बेचता है । पं० राजकिशोर द्वारा दयापूर्वक दिए गए पैसों को वह भीख मानता है । पं० राजकिशोर के रुपए भुनाने जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है । होश आते ही उनके पैसे लौटाने के लिए अपने भाई को भेजता है । | 3 |
| 32. | 'मातृभूमि' कविता के आधार पर भारत के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए । | |
| | **उत्तर :** मातृभूमि के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं जो प्रकृति की शोभा बढ़ाते हैं । यहाँ फल-फूलों से युक्त बाग-बगीचे तथा वन हैं । इस धरती में खनिजों की अपार सम्पदा है । | 3 |
| 33. | भिखारी को भगवान की लीला क्यों अजीब लगी ? | |
| | **उत्तर :** सेठ ने भिखारी को तब कुछ नहीं दिया, जब उसे आवश्यकता थी । अपने प्राण बचाने पर भिखारी को सौ रुपए दिए । जिस सेठ ने भगवान को पत्थर कहा था, वही अपने प्राण बचने पर इंसान में भी भगवान को देख रहा था । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 34. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।।<br>**उत्तर :**<br>तुलसीदास कहते हैं कि दया धर्म का मूल है और पाप का मूल अभिमान है । अतः जब तक शरीर में प्राण हैं, तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |
| VI. | उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में : | |
| 35. | कर्नाटक के साहित्यकारों की कन्नड़ भाषा तथा संस्कति को क्या देन है ?<br>**अथवा**<br>'कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है ।' इसका समर्थन कीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>– बसवण्णा, अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ आदि संत कवियों के वचन प्रेम, दया और धर्म की सीख देते हैं ।<br>– पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति और सदाचार के गीत गाए हैं ।<br>– पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड़ साहित्य को समृद्ध किया है ।<br>– आधुनिक काल के आठ दिग्गज साहित्यकारों ने ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कर कन्नड़ भाषा, संस्कृति और कर्नाटक का गौरव बढ़ाया है ।<br>**अथवा** | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** कर्नाटक पर प्रकृति माता की विशेष कृपा है । सर्वत्र हरियाली है । इसके पश्चिम में विशाल अरब सागर ( समुद्र ) लहराता है । दक्षिण से उत्तरी छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाएँ 'पश्चिमी घाट' कहलाती ह । इनका कुछ भाग 'सह्याद्रि' कहलाता है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं । नदियों, जलप्रपातों और घाटियों से युक्त कर्नाटक प्रकृति की अद्‍भुत देन है । | |
| 36. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>प्रसार तेरी ....................................................<br>..................................................................<br>..................................................................<br>................................................. गा रही हैं ।<br>**अथवा**<br>तुलसी साथी ............................................... ।<br>.............................................. भरोसो एक ।।<br>**उत्तर :**<br>प्रसार तेरी दया का कितना<br>देखना हो तो देखे सागर<br>तेरी प्रशंसा का राग प्यारे<br>तरंगमालाएँ गा रही हैं ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :**<br>तुलसी साथी विपत्ति के, विद्या विनय विवेक ।<br>साहस सुकृति सुसत्यव्रत, राम भरोसो एक ।। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ख** | |
| | **( व्याकरण )** | |
| VII. 37. | निम्नलिखित में दीर्घ संधि का उदाहरण है — | |
| | (A) परोपकार (B) गिरीश | |
| | (C) गणेश (D) अत्यंत । | |
| | **उत्तर :** (B) गिरीश | 1 |
| 38. | 'पंचवटी' शब्द में समास है — | |
| | (A) द्वंद्व (B) कर्मधारय | |
| | (C) द्विगु (D) तत्पुरुष । | |
| | **उत्तर :** (C) द्विगु | 1 |
| 39. | 'स्वीकार' का विलोम शब्द है — | |
| | (A) अस्वीकार (B) स्वीकृत | |
| | (C) स्वीकार्य (D) स्वीकरणीय । | |
| | **उत्तर :** (A) अस्वीकार | 1 |
| 40. | 'मालिक' का स्त्रीलिंग शब्द है — | |
| | (A) मालिका (B) मलिका | |
| | (C) मालिकिन (D) मालकिन । | |
| | **उत्तर :** (D) मालकिन | 1 |
| 41. | साहूकार ...................... एक आलीशान कोठी थी । | |
| | इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा — | |
| | (A) के (B) को | |
| | (C) की (D) का । | |
| | **उत्तर :** (C) की | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 42. | निम्न में बहुवचन शब्द है —<br>(A) जगह (B) योजनाएँ<br>(C) कला (D) संस्कृति ।<br>**उत्तर :** (B) योजनाएँ | 1 |
| 43. | **उसकी आँखें भर आयी थीं**<br>इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा —<br>(A) अर्ध विराम (B) विवरण चिह्न<br>(C) योजक चिह्न (D) पूर्ण विराम ।<br>**उत्तर :** (D) पूर्ण विराम | 1 |
| 44. | निम्न में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया का शब्द है —<br>(A) पढ़ाई (B) पढ़ो<br>(C) पढ़ाना (D) पढ़वाना ।<br>**उत्तर :** (C) पढ़ाना | 1 |
| 45. | 'बीड़ा उठाना' मुहावरे का अर्थ है —<br>(A) जिम्मेदारी लेना (B) बोझ उठाना<br>(C) भीड़ जमाना (D) भाग जाना ।<br>**उत्तर :** (A) जिम्मेदारी लेना | 1 |
| 46. | 'गात' शब्द का समानार्थी शब्द है —<br>(A) गहरा (B) गति<br>(C) गत (D) शरीर ।<br>**उत्तर :** (D) शरीर । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ग** | |
| | **( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र-लेखन और निबंध )** | |
| VIII. | प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : | |
| | बिलियर्ड्स एक प्रकार का अंग्रेजी खेल है, जो जगत प्रसिद्ध है । इसे खेलने में एक विशिष्ट प्रकार के गेंद की जरूरत होती है । पहले यह गेंद हाथी के दाँत से बनाया जाता था । खेल की जनप्रियता बढ़ने पर गेंद की माँग भी बढ़ गई । दक्षिण अफ्रीका में हाथियों की हत्या कर उनके दाँतों से गेंद बनाने के कारण हाथियों की सख्या कम होने लगी । तब गेंद बनाने वाली कंपनियों के मालिकों ने अन्य किसी चीज से गेंद बनाने के बारे में सोचा । उन्होंने घोषणा की - 'जो हाथी दाँत छोड़कर किसी अन्य चीज़ से बिलियर्ड्स की गेंद बनाएगा, उसे पचास हजार रुपयों का इनाम दिया जाएगा ।' तत्पश्चात् बिलियर्ड्स की गेंद बनाने के लिए प्लास्टिक का आविष्कार हुआ । | |
| 47. | बिलियर्ड्स कैसा खेल है ? | |
| | **उत्तर :** बिलियर्ड्स एक प्रकार का अंग्रेजी खेल है । | 1 |
| 48. | हाथियों की संख्या कम होने का कारण क्या था ? | |
| | **उत्तर :** हाथियों की हत्या कर उनके दाँतों से गेंद बनाने के कारण उनकी संख्या कम होने लगी । | 1 |
| 49. | बिलियर्ड्स के गेंदों की मांग क्यों बढ़ गई ? | |
| | **उत्तर :** खेल की जनप्रियता बढ़ने से बिलियर्ड्स के गेंदों की माँग बढ़ गयी । | 1 |
| 50. | गेंद बनाने वाली कंपनियों ने क्या घोषणा की ? | |
| | **उत्तर :** गेंद बनाने वाली कंपनियों ने घोषणा की — जो हाथी दाँत छोड़कर किसी अन्य चीज़ से बिलियर्ड्स की गेंद बनाएगा, उसे पचास हजार रुपयों का इनाम दिया जाएगा। | 1 |
| 51. | प्लास्टिक का आविष्कार कैसे हुआ ? | |
| | **उत्तर :** बिलियर्ड्स की गेंद बनाने के लिए प्लास्टिक का आविष्कार हुआ । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में : | |
| 52. | गाँधी जी रवींद्रनाथ ठाकुर जी से अत्यंत प्रभावित थे । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಗಾಂಧೀಜಿಯವರು ರವೀಂದ್ರನಾಥ್ ಠಾಕೂರ್‌ರವರಿಂದ ಅತ್ಯಂತ ಪ್ರಭಾವಿತರಾಗಿದ್ದರು. | 1 |
| | Gandhiji was highly influenced by Ravindranath Thakur (Tagore). | |
| 53. | रास्ते में भिखारी को एक छोटा बच्चा मिला । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ದಾರಿಯಲ್ಲಿ ಭಿಕ್ಷುಕನಿಗೆ ಚಿಕ್ಕ ಮಗುವೊಂದು ಬೇಟಿಯಾಯಿತು. | 1 |
| | On the way the beggar got a small child. | |
| 54. | आज का युग इंटरनेट युग है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಇಂದಿನ ಯುಗ ಅಂತರ್ಜಾಲ (ಇಂಟರ್‌ನೆಟ್) ನ ಯುಗ. | 1 |
| | Today's age is Internet's age. | |
| 55. | समय कभी रुकता नहीं है । | |
| | **उत्तर :** | |
| | ಸಮಯ ಎಂದಿಗೂ ನಿಲ್ಲುವುದಿಲ್ಲ. | 1 |
| | Time never stops. | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 56. | तिम्मक्का ने अब तक सैकड़ों पेड़ लगाए हैं ।<br><br>**उत्तर :**<br><br>ತಿಮ್ಮಕ್ಕರವರು ಇದುವರೆಗೆ ಸಾವಿರಾರು ಮರಗಳನ್ನು ಬೆಳೆಸಿದ್ದಾರೆ.<br><br>So far Thimmakka has planted thousands of trees. | 1 |
| X. 57. | कोई कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए ।<br><br>**अथवा**<br><br>विद्यालय के वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।<br><br>**उत्तर :**<br><br>– प्रेषक का पता और दिनांक 1<br>– पत्र पाने वाले का पता $\frac{1}{2}$<br>– संबोधन व विषय 1<br>– पत्र का कलेवर 2<br>– समाप्ति । $\frac{1}{2}$<br><br>**अथवा**<br><br>अनौपचारिक पत्र :<br><br>**उत्तर :**<br><br>– प्रेषक का पता और दिनांक 1<br>– संबोधन और अभिवादन 1<br>– पत्र का कलेवर 2<br>– समाप्ति और पाने वाले का पता । 1 | 5 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XI. 58. | दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए :<br>क) पर्यावरण की रक्षा<br>∗ अर्थ<br>∗ महत्व<br>∗ सुरक्षा के उपाय<br>∗ उपसंहार ।<br>ख) नागरिक के कर्तव्य<br>∗ विषय प्रवेश<br>∗ कर्तव्य और लक्षण<br>∗ महत्व<br>∗ उपसंहार ।<br>ग) इंटरनेट<br>∗ अर्थ<br>∗ उपयोग, सुविधाएँ<br>∗ दुष्परिणाम<br>∗ उपसंहार । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| | **उत्तर :** | | |
| | – प्रस्तावना / विषय प्रवेश | 1 | |
| | – विषय विस्तार | 2 | 5 |
| | – उपसंहार | 1 | |
| | – भाषा प्रयोग । | 1 | |